## खबर संक्षेप

### कार का शीशा तोड़ 40 हजार पार

उमरिया। जिला मुख्यालय के सबसे व्यस्तम इलाके में सोमवार को बदमाशों ने पुलिसिया इकबाल को ठेंगा दिखाते हुए दिनदहाड़े लूट की वारदात को अंजाम दिया। अज्ञात बदमाशों ने स्टेट बैंक के ठीक सामने खड़ी एक कार का शीशा चकनाचूर कर उसमें रखे 40 हजार रुपये उड़ा लिए। वारदात की सनसनीखेज बात यह है कि जिस वक्त लुटेरे इस कांड को अंजाम दे रहे थे, चंद कदमों की दूरी पर खाकी का पहरा था।

**रेकी कर दिया वारदात को अंजाम**

जानकारी के मुताबिक, चंदवार निवासी राइस मिल संचालक राजेश गुप्ता अपनी कार बैंक के बाहर खड़ी कर अंदर गए थे। घात लगाए बैठे शातिर बदमाशों ने पलक झपकते ही कार का शीशा तोड़ा और नगदी लेकर रफूचक्कर हो गए।

**सुरक्षा पर सवाल, दहशत में शहर**

सरेराह हुई इस घटना ने शहर की सुरक्षा व्यवस्था की धज्जियां उड़ा दी हैं। हालांकि, कोतवाली पुलिस अब सीसीटीवी खंगालने और एक्टिव मोड में होने का दावा कर रही है, लेकिन सवाल यह है कि बदमाशों के हौसले इतने बुलंद क्यों हैं? व्यस्त मार्ग पर सरेआम हुई इस वारदात से व्यापारियों और आमजन में भारी आक्रोश है।

### आज से संकल्प से समाधान का दूसरा वार

**शहडोल।** सरकारी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों की चौखट तक पहुंचाने के लिए जिला प्रशासन ने कमर कस ली है। संकल्प से समाधान अभियान के सफल प्रथम चरण के बाद, अब मंगलवार (17 फरवरी) से इसका दूसरा चरण शुरू होने जा रहा है। जिला पंचायत सीईओ शिवम प्रजापति ने साफ कर दिया है कि इस बार केवल कागजी खानापूर्ति नहीं होगी, बल्कि क्लस्टर स्तर पर शिविर लगाकर मौके पर ही समस्याओं का ऑन-स्पॉट निपटारा किया जाएगा।

**छूट गए लोगों को मिलेगा मौका**

अभियान के पहले चरण में जहाँ घर-घर दस्तक देकर शिकायतें बटोरी गईं, वहीं दूसरे चरण का फोकस क्लस्टर आधारित कैंप पर है। सीईओ ने सख्त लहजे में निर्देश दिए हैं कि जिन पंचायतों या नगरीय वार्डों में कम शिकायतें आई हैं, वहां दोबारा मुनादी कराई जाए और लोगों को जागरूक किया जाए। प्रशासन का लक्ष्य स्पष्ट है, कोई भी पात्र व्यक्ति सरकारी लाभ से वंचित न रहे।

**तीन चरणों वाला ब्रह्मास्त्र**

केंद्र और राज्य सरकार की 106 जन-कल्याणकारी योजनाओं को जनता तक पहुंचाने के लिए रणनीति तैयार है, दूसरे चरण में अधिकांश समस्याओं को स्थानीय स्तर पर सुलझाने की कोशिश होगी। जो शिकायतें क्लस्टर स्तर पर नहीं सुलझेंगी, उन्हें तीसरे चरण में जनपद स्तर के बड़े शिविरों में भेजा जाएगा। यदि कोई व्यक्ति पहले चरण में चूक गया है, तो वह इन शिविरों में आकर अपनी बात रख सकता है। विराट सभागार में आयोजित इस अहम बैठक में अपर कलेक्टर सरोधन सिंह सहित जिले के तमाम एसडीएम और डिप्टी कलेक्टर मौजूद रहे। अधिकारियों को हिदायत दी गई है कि वे केवल कुर्सियां न तोड़ें, बल्कि मैदान में उतरकर जनता को राहत दिलाएं।

### आज से जोन स्तरीय शिविरों में होगा शिकायतों का सूपड़ा साफ

**शहडोल।** जनता की समस्याओं को फाइलों में कैद रखने वाले दिन अब लद चुके हैं। जिला प्रशासन के संकल्प से समाधान अभियान का दूसरा चरण आज यानी 17 फरवरी से पूरे रौब के साथ शुरू हो रहा है। जिले के विभिन्न क्लस्टरों और नगरीय निकायों में आज से समाधान शिविरों का मेला लगेगा, जहाँ अधिकारियों को मौके पर ही आवेदनों का निपटारा करने के सख्त निर्देश दिए गए हैं।

**खन्नौधी और बिरौड़ी में सजेगा शिकायतों का दरबार**

जनपद पंचायत गोहपारू के ग्राम पंचायत खन्नौधी में आज भारी गहमागहमी रहेगी। तहसीलदार दिव्या सिंह की कमान में यहां अकुरी, खन्नौधी, खांड और सेमरा जैसी कई पंचायतों के आवेदनों का पोस्टमार्टम किया जाएगा। वहीं बुढ़ार जनपद के बिरौड़ी पंचायत भवन में तहसीलदार सुमित गुर्जर मोर्चा संभालेंगे। यहां कदौड़ी, जैतपुर और साखी सहित एक दर्जन पंचायतों के ग्रामीण अपनी समस्याओं का सीधा हल पाएंगे।

**जय स्तंभ चौक पर होगा ऑन-स्पॉट फैसला-** शहरी क्षेत्र के बाशिंदों के लिए नगर पालिका शहडोल ने जय स्तंभ चौक (वार्ड नंबर 15) को अपना मुख्य केंद्र बनाया है। सीएमओ आशा भंडारी की निगरानी में वार्ड नंबर 1 से लेकर 15 तक के सभी लंबित आवेदनों पर कड़ा प्रहार किया जाएगा। प्रशासन ने स्पष्ट कर दिया है कि घर-घर संपर्क के दौरान जो शिकायतें मिली थीं, अब उन्हें रद्दी की टोकरी में नहीं बल्कि समाधान के रजिस्टर में दर्ज होना होगा।

### ब्यौहारी में उल्टा चोर कोतवाल को डांटे माफिया की चाकरी में जुटी पुलिस

# शिकायतकर्ता ही बन गया मुजरिम

शहडोल।

यदि आप सोच रहे हैं कि पुलिस अपराध रोकने के लिए होती है, तो शायद आप ब्यौहारी थाना क्षेत्र की भौगोलिक और आर्थिक परिस्थितियों से वाकिफ नहीं हैं। यहां नियम अलग हैं, कायदे अलग हैं और खाकी का ईमान तो पूरी तरह से रेत के ढेरों में दफन हो चुका है। जमोड़ी गांव में जो हुआ, वह न्याय का गला घोंटने की ऐसी मिसाल है, जिसे सुनकर कानून की रूह भी कांप जाए। यहां समधिन और झुरही नदी का सीना चीरने वाले माफियाओं के खिलाफ आवाज उठाना खुद को आरोपी बनवाने जैसा है।

### माफिया का वीआईपी ट्रीटमेंट

जमोड़ी गांव में दिलीप सिंह पिता जागेन्द्र सिंह, आशुतोष सिंह पिता सुरेन्द्र सिंह और सुनील सिंह नामक रेत के सौदागरों ने आतंक मचा रखा है। ये वो रसूखदार नाम हैं, जिनके आगे ब्यौहारी पुलिस नतमस्तक है। इन माफियाओं ने गांव की जीवनदायिनी नदियों को छलनी करने के बाद अब गरीबों की निजी पट्टे की जमीनों को अपना गोदाम बना लिया है। हैरत की बात देखिए, जब पीड़ित भू-स्वामी ने अपनी पुश्तैनी जमीन पर अवैध रेत भंडारण का विरोध किया, तो उसे गालियां मिलीं। जब उसने सिस्टम पर भरोसा करके 28 दिसंबर 2025 को सीएम हेल्पलाइन (शिकायत नंबरः 36072559) में गुहार लगाई, तो उसे पुलिस की दबिश और एक फर्जी एफआईआर का दंश झेलना पड़ा।

### वर्दी पर रेत के दाग

समधिन और झुरही नदियां आज खून के आंसू रो रही हैं। दिन-रात मशीनों की गडग़ड़ाहट से गांव की शांति भंग है, लेकिन पुलिस को न तो ट्रक दिखते हैं, न ही अवैध उत्खनन। उन्हें दिखता है तो बस वह लाचार ग्रामीण, जिसे डरा-धमका कर माफिया का रास्ता साफ किया जा सके। यह साफ है कि ब्यौहारी पुलिस रेत माफिया के प्रोटेक्शन विंग की तरह काम कर रही है। सबसे बड़ा मजाक तो यह है कि इस पूरे काले कारनामे और पुलिस की संदिग्ध भूमिका की शिकायत अब फिर से उसी ब्यौहारी पुलिस को सौंपी जाएगी, जो खुद इस दलदल में गले तक धंसी हुई है। \

### वाह रे ब्यौहारी पुलिस!

महीनों तक कुंभकर्णी नींद में सोई ब्यौहारी पुलिस जब जागी, तो उसने वह करिश्मा कर दिखाया जो केवल मैनेज्ड पुलिसिंग में संभव है। मौके पर ग्रामीण चिल्ला-चिल्लाकर गवाही दे रहे थे कि रेत दिलीप, आशुतोष और सुनील की है। शिकायतकर्ता द्वारा बताया जा रहा था कि माफियाओं ने जबरन किसान के खेत को डंपिंग यार्ड बना दिया है, लेकिन खाकी के कानों में तो शायद माफियाओं के नोटों की खनक गूंज रही थी। पुलिस ने ग्रामीणों की बातों को अनसुना किया और जिस किसान ने शिकायत की थी, उसी के बड़े भाई को आरोपी बना दिया। अब अपराधी वह नहीं जो नदी का सीना चीर रहा है, अपराधी वह है जो अपनी जमीन बचाने के लिए सरकार को फोन घुमा रहा है। ब्यौहारी पुलिस की जांच किसी ऑस्कर लेवल की पटकथा से कम नहीं है।



### कलेक्टर और एसपी साहब ध्यान दें

जमोड़ी के ग्रामीण पूछ रहे हैं कि क्या जिले में माफिया का राज चलेगा, सीएम हेल्पलाइन केवल गरीबों को फंसाने का नया हथियार बन गई है, यदि दिलीप सिंह, आशुतोष सिंह और सुनील सिंह जैसे माफियाओं पर लगाम नहीं कसी गई और पीड़ित किसान को न्याय नहीं मिला, तो खाकी पर लगा यह रेत का दाग कभी नहीं धुलेगा।

### इनका कहना है...

जिसकी जमीन में अवैध रेत मिलेगी, आरोपी तो उसी को बनाया जाएगा। यदि वह यह सिद्ध कर दे कि रेत किसी दूसरे ने भंडारित कर रखी है तो उसे भी आरोपी बनाया जाएगा।

**जियाउल हक**
**थाना प्रभारी, ब्यौहारी**

# सोन नदी की छाती चीर रहे दो डग्गी वाहन जब्त

शहडोल।

जिले में अवैध उत्खनन के खिलाफ जारी जंग में अमलाई पुलिस ने एक बार फिर रेत माफियाओं की कमर तोड़ दी है। चाका कोयलहरी घाट पर अवैध रूप से नदी का सीना छलनी कर रहे दो विशालकाय डग्गी वाहनों को पुलिस ने घेराबंदी कर दबोच लिया। थाना प्रभारी भूपेंद्रमणि पाण्डेय के नेतृत्व में हुई इस सर्जिकल स्ट्राइक ने रेत के सौदागरों के बीच हडक़ंप मचा दिया है।







### आधी रात को ऑपरेशन क्लीन

मुखबिर की सटीक सूचना पर जब पुलिस टीम ने कोयलहरी घाट पर दबिश दी, तो वहां का नजारा हैरान करने वाला था। अंधेरे का फायदा उठाकर माफिया सोन नदी से अवैध रेत की लूट मचाए हुए थे। पुलिस की भनक लगते ही चालकों ने वाहन लेकर भागने का दुस्साहस किया, लेकिन मुस्तैद अमलाई पुलिस ने चारों तरफ से घेराबंदी कर उन्हें सरेंडर करने पर मजबूर कर दिया।

### इन सफेदपोशों के इशारे पर चल रहा था काला खेल

पुलिस की गिरफ्त में आए चालकों ने जो खुलासे किए हैं, वे चौंकाने वाले हैं। पकड़े गए आरोपियों में अंजनी उपाध्याय उम्र 32 वर्ष और महिपाल सिंह उम्र 28 वर्ष शामिल हैं। पूछताछ में सामने आया कि वाहन क्रमांक एमपी 18 जीए 5033 को बृजेश यादव और वाहन क्रमांक एमपी 18 जीए 5101 को रामदयाल उर्फ मुन्ना साहू संचालित करवा रहे थे। पुलिस ने 14 लाख कीमत के दोनों वाहनों को जप्त कर बीएनएस और खनिज अधिनियम की संगीन धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

### अब खैर नहीं! प्रशासन का कड़ा रुख

यह कार्रवाई उन रसूखदारों के लिए खुली चेतावनी है जो सोचते हैं कि वे कानून की नजरों से बचकर कुदरत की दौलत को लूटते रहेंगे। थाना प्रभारी भूपेंद्रमणि पाण्डेय और उनकी टीम सउनि शिवनारायण प्रजापति, गणेश पाण्डेय व अन्य ने साबित कर दिया है कि खाकी अब माफियाओं के आगे झुकने वाली नहीं है।

### बाल कल्याण समिति के नोटिस पर कांग्रेस का पलटवार

# नाबालिग प्रकरण पर गरमाई राजनीति

शहडोल।

मुख्यमंत्री के कार्यक्रम के दौरान हुए विरोध प्रदर्शन में नाबालिग छात्र को हिरासत में लेकर जेल भेजे जाने के मामले ने अब राजनीतिक रंग ले लिया है। बाल कल्याण समिति (न्यायपीठ) शहडोल द्वारा जिला कांग्रेस कमेटी को जारी नोटिस के बाद कांग्रेस ने सरकार और प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाए हैं। वहीं समिति द्वारा मांगा गया लिखित जवाब अब तक प्रस्तुत नहीं किया गया है, जिससे मामला और चर्चा में आ गया है। बाल कल्याण समिति ने 12 फरवरी को किशोर न्याय (बालकों की देखरेख एवं संरक्षण) अधिनियम, 2015 की धारा 30 के तहत नोटिस जारी कर जिला कांग्रेस कमेटी से तीन दिन के भीतर जवाब प्रस्तुत करने को कहा था। नोटिस में 10 फरवरी को प्रकाशित समाचार का हवाला देते हुए कहा गया कि विरोध प्रदर्शन के दौरान एक नाबालिग छात्र को हिरासत में लेकर जेल भेज दिया गया, जिससे उसकी 12वीं की परीक्षा छूट गई। समिति ने इस मामले का स्वतः संज्ञान लेते हुए संबंधित पक्ष से तथ्यात्मक स्थिति स्पष्ट करने को कहा था।





जिला कांग्रेस अध्यक्ष अजय अवस्थी ने पुष्टि की है कि 13 फरवरी को नोटिस प्राप्त होने के बावजूद 16 फरवरी की शाम तक कांग्रेस की ओर से कोई लिखित जवाब समिति को नहीं दिया गया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस इस मामले में दबाव की राजनीति से घबराने वाली नहीं है और उचित समय पर अपना पक्ष रखेगी। अजय अवस्थी ने राज्य सरकार और प्रशासन पर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा सरकार तानाशाही तरीके से शासन चलाना चाहती है, जिसे कांग्रेस किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं करेगी। उनका आरोप है कि पहले नाबालिगों पर लाठियां बरसाई गईं और बाद में प्रशासनिक अधिकारियों ने नियमों की अनदेखी करते हुए छात्र को किशोर न्यायालय में प्रस्तुत करने के बजाय तहसीलदार के समक्ष पेश कर जेल भेज दिया। उन्होंने इसे प्रशासन की गंभीर लापरवाही बताते हुए कहा कि इसी वजह से 12 वीं का छात्र अपनी परीक्षा देने से वंचित रह गया।

कांग्रेस अध्यक्ष ने यह भी कहा कि जिन सवालों का जवाब भाजपा पदाधिकारियों और संबंधित प्रशासनिक अधिकारियों से पूछा जाना चाहिए, वे कांग्रेस से पूछे जा रहे हैं। उन्होंने इसे राजनीतिक दबाव की रणनीति बताते हुए कहा कि कांग्रेस हमेशा गरीबों और पीड़ितों के हक में आवाज उठाती रही है और आगे भी लड़ाई जारी रखेगी। श्री अवस्थी ने यह भी स्पष्ट किया कि कांग्रेस बच्चों को आगे कर राजनीति नहीं करती। उन्होंने कहा कि पार्टी के भीतर बाल कांग्रेस और भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन जैसे संगठनों के माध्यम से युवाओं को लोकतांत्रिक प्रक्रिया और राजनीतिक समझ दी जाती है, जो दशकों से चली आ रही परंपरा है। वहीं, बाल कल्याण समिति का कहना है कि यदि किसी नाबालिग को राजनीतिक गतिविधियों में शामिल किया जाता है, तो उसकी सुरक्षा और संरक्षण की जिम्मेदारी संबंधित पक्ष की होती है। समिति ने इसी आधार पर नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है। इस पूरे घटनाक्रम से जिले की राजनीति में गर्माहट बढ़ गई है। एक ओर बाल कल्याण समिति कानूनी प्रावधानों के तहत स्पष्टीकरण मांग रही है, तो दूसरी ओर कांग्रेस इसे राजनीतिक दबाव की कार्रवाई बता रही है। अब सबकी नजर इस बात पर टिकी है कि समिति के समक्ष कांग्रेस कब और क्या जवाब प्रस्तुत करती है, और इस मामले में आगे क्या वैधानिक या प्रशासनिक कदम उठाए जाते हैं।

### खाल के तस्करों पर काल बनकर टूटी टीम, अंतरराज्यीय रैकेट का पर्दाफाश

# शहडोल वन विभाग का 'ऑपरेशन पैंगोलिन'

शहडोल।

बेजुबान वन्यजीवों के खून से अपनी तिजोरियां भरने वाले क्रूर तस्करों के खिलाफ शहडोल वन विभाग ने अब तक की सबसे बड़ी और निर्णायक सर्जिकल स्ट्राइक की है। वन संरक्षक महेंद्र प्रताप सिंह और डीएफओ श्रद्धा पन्द्रे के नेतृत्व में विभाग ने एक ऐसे विशालकाय नेटवर्क को ध्वस्त कर दिया है, जिसके तार शहडोल से लेकर जबलपुर, सिवनी, कटनी और दमोह तक फैले हुए थे। इस खौफनाक खेल में शामिल अब तक दर्जनों आरोपियों को सलाखों के पीछे धकेला जा चुका है।

### सिहोरा में दबोचे गए 'शिकारी'

ताजा कार्रवाई में वन विभाग की टीम ने सिहोरा (जबलपुर) के पास रेलवे अंडरब्रिज पर फिल्मी स्टाइल में घेराबंदी कर मारुति सुजुकी और बाइक पर सवार चार शातिर तस्करों को दबोच लिया। जब गाड़ी की तलाशी ली गई, तो अधिकारियों के भी होश उड़ गए, अंदर एक जिंदा पैंगोलिन (सल्लू सांप) बैग में ठूंस कर रखा गया था। पकड़े गए आरोपियों की पहचान गुलाम नबी उम्र 49 वर्ष, शिवकुमार दाहिया उम्र 47 वर्ष, शाहिद रायन उम्र 38 वर्ष और छोटेलाल वर्मन उम्र 45 वर्ष के रूप में हुई है। ये चारों आरोपी पैंगोलिन का सौदा करने की फिराक में थे, लेकिन इससे पहले कि वे बेजुबान की जान का सौदा करते, वन विभाग की टीम यमदूत बनकर सामने खड़ी हो गई।



### जाल ऐसा कि हिल गए पांच जिले

यह कोई छिटपुट चोरी नहीं, बल्कि एक व्यवस्थित सिंडिकेट है। विभाग की जांच में जो कड़ियां जुड़ी हैं, अक्टूबर 2025 में शहडोल, उमरिया, अनूपपुर, डिंडौरी और जबलपुर से कुल 10 आरोपियों को दबोचकर इस बड़े खुलासे की नींव रखी गई। जनवरी 2026 में सिवनी के देवघटा से तेंदुए की खाल के साथ 2 दरिंदे गिरफ्तार किए गए। फरवरी 2026 में दमोह और कटनी से जिंदा पैंगोलिन के साथ 6 और शिकारी दबोचे गए।

### सख्त धाराओं में केस दर्ज, अब जेल ही ठिकाना

वन विभाग ने इन सभी के खिलाफ वन्यजीव संरक्षण अधिनियम 1972 की धारा 9, 39, 44, 48ए, 51, 52 और 57 के तहत मामला दर्ज किया है। ये धाराएं इतनी सख्त हैं कि तस्करों का अब लंबे समय तक जेल से बाहर आना नामुमकिन है। डीएफओ श्रद्धा पन्द्रे के सख्त तेवरों ने साफ कर दिया है कि शहडोल के जंगलों में अब तस्करों की खैर नहीं।

### इन जांबाज अफसरों ने पलटी तस्करों की बाजी

इस पूरे ऑपरेशन को सफल बनाने में प्रशिक्षु आईएफएस विनोद जाखड़ और विवेचक अधिकारी जसवंत सिंह मीणा (प्रशिक्षु आईएफएस) की रणनीतिक सूझबूझ ने अहम भूमिका निभाई। साथ ही कार्यवाहक उप वनक्षेत्रपाल श्रीप्रकाश शुक्ला, नरेन्द्र बाथम, शबाब उल्ला खान, अभिनय गौतम, सुरेश कुमार बैगा, अविनाश सिंह और रीतेंद्र श्रीवास्तव जैसे जांबाजों ने अपनी जान जोखिम में डालकर इन अपराधियों को धर दबोचा।

# विराटेश्वरी धाम की पार्किंग पर भू-माफियाओं का सर्जिकल स्ट्राइक

### मंदिर की बाउंड्रीवाल गिराकर ठोक दिए शटर, प्रशासन की चुप्पी पर भड़के श्रद्धालु

शहडोल।

आस्था के केंद्र और नगर की पहचान श्री विराटेश्वरी धाम (दुर्गा माता मंदिर) की पवित्रता और सुविधाओं पर भू-माफियाओं ने गिद्ध दृष्टि डाल दी है। मंदिर के सामने जिस नजूल भूमि को श्रद्धालुओं के वाहनों के लिए सुरक्षित किया गया था, उसे रातों-रात कब्जा कर शॉपिंग कॉम्प्लेक्स में बदलने की साजिश रची जा रही है। माफियाओं के इस दुस्साहस ने न केवल भक्तों की भावनाओं को आहत किया है, बल्कि प्रशासन की कार्यप्रणाली पर भी गंभीर सवालिया निशान खड़े कर दिए हैं।

**पूर्व कलेक्टर के आदेश को ठेंगा-** शिकायती पत्र के अनुसार, मंदिर प्रांगन के सामने स्थित नजूल भूमि को पूर्व कलेक्टर डॉ. सत्येन्द्र सिंह ने श्रद्धालुओं की पार्किंग हेतु आवंटित किया था। नगर पालिका द्वारा यहां बाउंड्रीवाल का निर्माण कर इसे सुरक्षित किया गया था, लेकिन सत्ता और रसूख के नशे में चूर भू-माफियाओं ने किसी भी सक्षम अधिकारी के आदेश के बिना ही उस बाउंड्रीवाल को ढहा दिया और वहां अवैध रूप से तीन दुकानों का ढांचा खड़ा कर दिया है।



**50 लाख की डील और पार्किंग पर कब्जा-** यह खेल सिर्फ कब्जे तक सीमित नहीं है। चर्चा है कि इन अवैध दुकानों को 40,00,000 से 50,00,000 के भारी-भरकम दामों पर बेचने की तैयारी चल रही है। यदि इन दुकानों के शटर पार्किंग की ओर खुले, तो मंदिर आने वाले हजारों श्रद्धालुओं के लिए वाहन खड़ा करना दूभर हो जाएगा। इससे आए दिन विवाद की स्थिति निर्मित होगी और भक्तों को असुविधा का सामना करना पड़ेगा।

**सात दिन में हटे अवैध निर्माण-** श्री दुर्गा माता सेवा समिति और भक्तजनों ने कलेक्टर को पत्र सौंपकर दो टूक चेतावनी दी है। श्रद्धालुओं का साफ कहना है कि यदि एक सप्ताह के भीतर भू-माफियाओं द्वारा किए गए इस अवैध निर्माण को ध्वस्त नहीं किया गया और बाउंड्रीवाल का पुनर्निर्माण नहीं हुआ, तो समस्त भक्तजन कलेक्ट्रेट के सामने धरना प्रदर्शन और उग्र आंदोलन के लिए विवश होंगे। भक्तजनों ने स्पष्ट कर दिया है कि आस्था के केंद्र के साथ खिलवाड़ अब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इसकी समस्त जिम्मेदारी शासन और प्रशासन की होगी।

# काम में ढिलाई बर्दाश्त नहीं: सीईओ जिला पंचायत के सख्त तेवर

### खानापूर्ति नहीं, गुणवत्तापूर्ण निराकरण चाहिए

शहडोल।

**सरकारी दफ्तरों में फाइलों को दबाकर बैठने और शिकायतों को अटेंड न करने वाले लापरवाह अफसरों पर अब गाज गिरना तय है। सोमवार को जिला पंचायत सीईओ शिवम प्रजापति ने कलेक्ट्रेट के विराट सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक में विभागीय अधिकारियों की क्लास लेते हुए दो टूक शब्दों में चेतावनी दी। उन्होंने स्पष्ट किया कि सीएम हेल्पलाइन और समय-सीमा के पत्रों को ठंडे बस्ते में डालने का दौर अब खत्म होना चाहिए।**

### 100 दिन से लंबित शिकायतों पर भडक़ा गुस्सा

बैठक में जब 100 दिनों से अधिक समय से लंबित शिकायतों का पुलिंदा सामने आया, तो सीईओ ने कड़ा रुख अपनाया। उन्होंने अधिकारियों को फटकार लगाते हुए निर्देशित किया कि शिकायतों का निराकरण केवल कागजों पर औपचारिक नहीं होना चाहिए, बल्कि वह संतोषजनक और उच्च गुणवत्ता का हो। सीईओ ने साफ कहा कि अगर मैदानी अमला काम नहीं कर रहा है, तो उन्हें जवाबदेह ठहराएं, लेकिन कोई भी शिकायत अनअटेंडेड नहीं रहनी चाहिए।



### मॉनिटरिंग खुद करें अधिकारी

बैठक के दौरान सीईओ ने सख्त लहजे में निर्देश दिए कि जिला स्तरीय अधिकारी केवल अधीनस्थों के भरोसे न रहें, बल्कि स्वयं नियमित मॉनिटरिंग करें। शिकायतों के जवाब अनिवार्य रूप से एल-1 अधिकारियों के माध्यम से दर्ज कराए जाएं। जिन विभागों में शिकायतों का आंकड़ा कम है, वहां तत्काल शत-प्रतिशत निराकरण सुनिश्चित किया जाए। इस हाई-प्रोफाइल बैठक में अपर कलेक्टर सरोधन सिंह, एसडीएम अमृता गर्ग सहित जिले के तमाम आला अधिकारी मौजूद थे। सीईओ की इस आक्रामक कार्यशैली से विभाग में हडक़ंप मचा हुआ है। अब देखना यह है कि इस फटकार के बाद फाइलों की रफ्तार बढ़ती है या ढाक के वही तीन पात रहते हैं।

## खबर संक्षेप

### भारत चक्रधारी ने छत से कूद कर की आत्महत्या

**कोतमा।** नगर पालिका अंतर्गत वार्ड क्रमांक 13 में रहने वाले 45 वर्षीय भारत पिता गौरीशंकर चक्रधारी ने अपने घर की छत से कूद कर जान दे दिया। अचानक छत से कूदने से हुई मौत के दौरान आसपास रहने वाले लोगों में सनसनी मच गई। घायल को तत्काल उपचार के लिए स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। परिजनों के अनुसार मृतक दिमागी रूप से कमजोर था जो कि इसके पूर्व भी एक दो बार जान देने का प्रयास कर चुका था। रविवार को हुई घटना के बाद मौके पर भारी भीड़ एकत्र हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम घटनास्थल का निरीक्षण करते हुए जांच कर रही है।

### नगर की महिला मोर्चा के द्वारा भेंट की गई गायन वादन सामग्री



**कोतमा।** महाशिवरात्रि के अवसर पर नगर की महिला मोर्चा के द्वारा बस स्टैंड के पास स्थित श्री गौरी शंकर मंदिर एवं गणेश मंदिर में गायन वादन सामग्री भेंट की गई। महिला मोर्चा के द्वारा इस प्रकार मंदिरों में सामग्री भेंट करने से गायन वादन के लिए सामग्री की दिक्कत नहीं होगी और मंदिर में प्रतिदिन भक्तों के द्वारा गायन वादन किया जाता है लेकिन सामग्री ना होने के कारण परेशानी का सामना करना पड़ता था। गायन वादन सामग्री भेंट करने में महिला मोर्चा की गुड़यिा सोनी, छाया सोनी, सीमा व्यवहार, उमा सोनी, ममता जैन उपस्थित थे।

### हायर सेकेण्डरी कि संस्कृत विषय की परीक्षा संपन्न

**उमरिया।** जिले में हायर सेकेण्डरी संस्कृत विषय की परीक्षा 16 परीक्षा केन्द्रों में सम्पन्न हुई। परीक्षा में कुल दर्ज 338 विद्यार्थियो में से 335 विद्यार्थियो ने परीक्षा दी वही 03 छात्र अनुपस्थित रहे। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एवं नोडल अधिकारी मण्डल परीक्षा अभय सिंह द्वारा मण्डल के निर्देशानुसार परीक्षा केन्द्रों में नियुक्त कलेक्टर प्रतिनिधियों द्वारा प्रश्नपत्र थाने से निकालने एवं परीक्षा केन्द्र तक ले जाने व परीक्षा केन्द्र में मोबाईल एप के माध्यम से किये जाने वाले कार्य की मॉनीटरिंग की गई व समय पर सभी परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षा प्रारंभ होने के उपरांत निर्धारित प्रारूप में जानकारी माध्यमिक शिक्षा मण्डल भोपाल की ओर भेजने के निर्देश दिये गये। मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा मण्डल परीक्षा से संबंधित समस्त गतिविधियों पर सतत निगरानी रखते हुये निरंतर सभी कार्यों की मॉनीटरिंग प्रतिदिन की जा रही है। जिला शिक्षा अधिकारी आर.एस. मरावी द्वारा परीक्षा केन्द्र शा. हाईस्कूल पनपथा, शा.उ.मा.वि. चिन्सुरा, शा.उ.मा.वि. भरेवा एवं शा.उ.मा.वि. अमरपुर का निरीक्षण किया गया, परीक्षा शांति पूर्वक एवं सुचारू रूप से संचालित होना पायी गयी। परीक्षा में किसी भी परीक्षा केन्द्र में नकल प्रकरण दर्ज नहीं हुये। सभी परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षा व्यवस्था एवं संचालन मंडल के निर्देशानुसार उचित एवं व्यवस्थित पायी गयी, सभी परीक्षा केन्द्रों पर पुलिस बल तैनात पाया गया। परीक्षा केन्द्रों पर 144 धारा लगाने के फलस्वरूप बाहय भीड़ एवं असमाजिक तत्वों की भीड़ नहीं दिखाई दी, परीक्षायें शांति पूर्ण संचालित पायी गयी ।

---

**बिजली विभाग की लापरवाही या नियति का क्रूर खेल**

# चंदिया में बुझ गया घर का इकलौता चिराग

**उमरिया।** सोमवार की दोपहर चंदिया थाना क्षेत्र के लिए किसी काल से कम साबित नहीं हुई। भारती रेस्टोरेंट के पास स्थित एक खेत में उस वक्त चीख-पुकार मच गई, जब बिजली के नंगे और जानलेवा करंट ने 17 वर्षीय मासूम राहुल कुशवाहा को अपनी आगोश में ले लिया। हादसे की भयावहता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि राहुल को बचाने दौड़े पड़ोसी राघवेंद्र कुशवाहा उम्र 56 वर्ष भी मौत के झटके से खुद को बचा नहीं पाए और गंभीर रूप से झुलस गए।

### गाड़ी धो रहा था मासूम

प्रत्यक्षदर्शियों की मानें तो राहुल दोपहर करीब दो बजे अपने खेत पर लगे पंप के पास अपनी गाड़ी साफ कर रहा था। तभी बिजली गुल हो गई। नियति का क्रूर खेल देखिए जैसे ही बिजली वापस आई, पंप में जबरदस्त करंट उतर आया। राहुल संभल पाता, उससे पहले ही हाई-वोल्टेज बिजली ने उसे जकड़ लिया। मौके पर मौजूद राघवेंद्र ने जैसे ही राहुल को तड़पते देखा, वे उसे बचाने दौड़े, लेकिन करंट इतना शक्तिशाली था कि उसने मददगार को भी अपनी चपेट में ले लिया।



### इकलौते बेटे की मौत से पसरा मातम

जब तक ग्रामीण बिजली बंद कर पाते, राहुल की सांसें थम चुकी थीं। अस्पताल ले जाने पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बताया जा रहा है कि राहुल अपने माता-पिता का इकलौता बेटा था। एक हंसता-खेलता किशोर, जिसके कंधों पर भविष्य की जिम्मेदारियां थीं, वह सिस्टम की खामियों और पंप की तकनीकी खराबी के कारण मिट्टी में मिल गया। फिलहाल, घायल राघवेंद्र का चंदिया अस्पताल में उपचार जारी है, लेकिन राहुल के घर में पसरा सन्नाटा पूरे इलाके को झकझोर रहा है।

### इनका कहना है...

करंट की चपेट में आने से एक युवक की मृत्यु हुई है। मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में यह हादसा बिजली सप्लाई शुरू होने के दौरान लापरवाही या तकनीकी खामी से जुड़ा प्रतीत हो रहा है।

**जे.एस.परस्ते थाना प्रभारी, चंदिया**

---

# एनएच-43 पर काल बनकर दौड़ा कोयला ट्रक

**चंदिया बाइपास पर भीषण भिड़ंत, केबिन में फंसे ड्राइवर की हालत नाजुक**

**उमरिया।** नेशनल हाईवे-43 एक बार फिर खून से लाल हो गया। रविवार की देर रात चंदिया बाइपास पर हुए एक रोंगटे खड़े कर देने वाले सडक़ हादसे ने प्रशासनिक मुस्तैदी और हाईवे सुरक्षा के दावों की पोल खोलकर रख दी है। उमरिया से कटनी की ओर कोयला लेकर जा रहा एक बेकाबू ट्रक सडक़ किनारे खड़े दूसरे भारी वाहन में पीछे से जा घुसा। टक्कर इतनी भीषण थी कि ट्रक का अगला हिस्सा लोहे के मलबे में तब्दील हो गया और चालक मौत के मुहाने पर केबिन के भीतर ही फंस गया।



### लोहे के जाल में फंसी जिंदगी

हादसा रात करीब 2 बजे का है, जब पूरा इलाका गहरी नींद में था। तभी एक कान फाड़ देने वाली आवाज ने सन्नाटे को चीर दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, कोयला लदा ट्रक (दमोह निवासी सूरज द्वारा संचालित) इतनी तेज गति में था कि उसने सडक़ किनारे खड़े वाहन को देखा तक नहीं। टक्कर के बाद ट्रक का केबिन पिचक कर आधा रह गया। सूचना मिलते ही चंदिया पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन चालक को बाहर निकालना नामुमकिन लग रहा था। अंततः गैस कटर और भारी औजारों की मदद से लोहे की चादरों को काटकर चालक सूरज को बाहर निकाला गया। उसके सिर पर गहरे जख्म और शरीर से बहते खून को देख वहां मौजूद लोगों के रोंगटे खड़े हो गए।

### हाइवे या मौत का गलियारा

प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत में सूरज को जिला अस्पताल उमरिया रेफर किया गया है, जहां वह जिंदगी और मौत के बीच जंग लड़ रहा है। हादसे के बाद हाईवे पर दोनों ओर ट्रकों की लंबी कतारें लग गईं। क्षतिग्रस्त वाहन बीच सडक़ पर फंसा होने के कारण यातायात पूरी तरह ठप रहा। पुलिस ने क्रेन बुलाकर मलबे को रास्ते से हटवाया, जिसके बाद सुबह जाकर आवागमन सामान्य हो सका। पुलिस फिलहाल इसे नींद की झपकी का मामला मान रही है, लेकिन असली जांच उन कारणों की होनी चाहिए जो बार-बार एनएच-43 को डेथ जोन बना रहे हैं।

---

# सीईओ जिला पंचायत की अध्यक्षता में जिला टास्क फोर्स समिति की बैठक संपन्न

**उमरिया।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अभय सिंह की अध्यक्षता में कलेक्टर सभागार में जिला टास्क फोर्स समिति की बैठक संपन्न हुई । जिला खनिज अधिकारी डा विद्याकांत तिवारी ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 मे माह अप्रैल 2025 से फरवरी 2026 तक के लिए 80.93 करोड रूपये का लक्ष्य प्राप्त हुआ था, जिसमें से 41.74 करोड रूपये कि राशि वसूल कर ली गई है । इसी तरह जिले में खनिजो के अवैध उत्खनन, परिवहन, भंडारण की समीक्षा की गई जिस पर बताया गया कि अवैध उत्खनन के 36 प्रकरणों का निराकरण 14.40 लाख रूपये, अवैध परिवहन के 110 प्रकरणो में से 83 का निराकरण कर 43.01 लाख रूपये तथा अवैध भंडारण के 4 प्रकरणो मे से 2 प्रकरणों का निराकरण कर 0.58 लाख रूपये की वसूली की गई है । बैठक में अपर कलेक्टर प्रमोद कुमार सेन गुप्ता,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीताराम सत्या, संयुक्त कलेक्टर रीता डेहरिया,एसडीएम मानपुर हरनीत कौर कलसी, एसडीएम बांधवगढ अंबिकेश प्रताप सिंह, एसडीएम पाली मीनाक्षी इंगले,डिप्टी कलेक्टर कमलेश नीरज सहित अन्य जिला प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहे।



## जिले के दस कृषकों को अनुसंधान केंद्र बनारस उप्र के लिए किया गया रवाना



### सीईओ जिला पंचायत ने वाहन को दिखाई हरी झंडी

**उमरिया।** केंद्र शासित योजना अंतर्गत एमआईडीएच के घटक कृशक प्रशिक्षण सह तीन दिवसीय भ्रमण पर भारतीय सब्जी अनुसंधान केंद्र वणारसी बनारस उत्तरप्रदेश के लिए जिले के 10 कृशको को सब्जी की उन्नत खेती एवं नवीन तकनीकी प्रशिक्षण के लिए रवाना किया गया। इस अवसर पर कृशको के रथ को सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया । इस अवसर पर उप संचालक कृषि संग्राम सिंह मरावी सहित उद्यानिकी विभाग के कर्मचारी उपस्थित रहे।

---

# हर-हर महादेव के जयघोष से गूंजा कोयलांचल शिवालयों में उमड़ा आस्था का सैलाब



### भजन-कीर्तन और भंडारे में श्रद्धालुओं ने लिया प्रसाद

**भालूमाडा।** जमुना कॉलोनी देवों के देव महादेव की आराधना का महापर्व महाशिवरात्रि पूरे कोयलांचल क्षेत्र में अपार श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ मनाया गया क्षेत्र के सभी शिवालयों में प्रातः काल से ही श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लग गईं और भक्तों ने जलाभिषेक, दुग्धाभिषेक तथा बेलपत्र अर्पित कर भगवान भोलेनाथ का पूजन किया भालूमाडा के केवई नदी तट स्थित पवित्र शिव लहरा धाम में दो दिवसीय मेले का शुभारंभ हुआ, जहां श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा मंदिर परिसर हर-हर महादेव और बम-बम भोले के जयघोष से गूंज उठा। वहीं जमुना कॉलोनी स्थित राम जानकी मंदिर में भजन-कीर्तन का आयोजन हुआ, जिसमें भक्त शिव भक्ति में लीन होकर रातभर भगवान शंकर की महिमा का गुणगान करते रहे शिव मंदिर कोऑपरेटिव से भव्य शिव बारात निकाली गई, जिसमें शिवभक्तों ने नृत्य करते हुए भगवान भोलेनाथ की बारात का स्वागत किया। वार्ड क्रमांक 3 सहित पूरे क्षेत्र में दिनभर शिव आराधना और धार्मिक कार्यक्रमों का वातावरण बना रहा। महाशिवरात्रि के इस पावन अवसर पर भालूमाडा के गोल बाजार स्थित हनुमान मंदिर के पास विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जो श्रद्धा और सेवा का अद्भुत उदाहरण बना इस आयोजन में प्रमुख रूप से अरविंद मिश्रा, रुना सिंह, सोनू सिंह, इंद्रपाल पांडे, रवि करण केवट, विक्की सिंह, शिव साहू सहित अन्य शिवभक्तों ने भगवान भोलेनाथ की पूजा-अर्चना कर भंडारे में अपनी सेवा अर्पित की हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर भगवान शिव का आशीर्वाद प्राप्त किया उल्लेखनीय है कि गोल बाजार हनुमान मंदिर में पिछले 115 मंगलवार से लगातार हनुमान चालीसा पाठ और भंडारे का आयोजन किया जा रहा है, जिससे पूरे क्षेत्र में भक्ति और सेवा की अनवरत धारा प्रवाहित हो रही है। महाशिवरात्रि का यह पावन पर्व एक बार फिर श्रद्धालुओं के हृदय में यह संदेश दे गया कि भगवान भोलेनाथ अपने भक्तों की सच्ची श्रद्धा और भक्ति से प्रसन्न होकर उनके जीवन को सुख, शांति और समृद्धि से भर देते हैं शिव की कृपा से ही सृष्टि का संचालन होता है और उनकी आराधना से समस्त कष्टों का नाश होता है। पूरे कोयलांचल क्षेत्र में महाशिवरात्रि का पर्व आस्था, श्रद्धा और आध्यात्मिक ऊर्जा का अनुपम उदाहरण बनकर सभी के लिए अविस्मरणीय बन गया हर-हर महादेव।



---

# मॉडल सड़क को ही बना दिया गया गोदाम

### आवागमन करने में करना पड़ता है परेशानी का सामना

**कोतमा। शासन के द्वारा नगर का सौंदर्य करण करने के उद्देश्य से 2 साल पूर्व मॉडल सड़क का निर्माण कार्य करवाया गया था। लेकिन विभागीय लापरवाही के कारण बिना अतिक्रमण हटा ही सड़क का निर्माण कर पूरा कर दिया गया।**



वर्तमान में दुकानदारों के द्वारा सड़क का उपयोग अपने निजी वाहन खड़ा करने एवं दुकानदारों के द्वारा समान रखने का कार्य किया जा रहा है साथ ही मुखर्जी चौक से केरहा नाला के बीच ट्रांसपोर्टर द्वारा कमरा किराए से लेकर मॉडल सड़क पर ही ट्रांसपोर्ट का सामान खाली करवाते हुए मॉडल सड़क को ही गोदाम बना दिया गया है जिसके कारण सड़क सकरी हो जाती है और आवागमन करने में आम जन को परेशानी का सामना करना पड़ता है वहीं मुख्य सड़क होने के कारण दो पहिया चार पहिया एवं बड़े वाहन निकालने के कारण जाम की समस्या निर्मित हो जाती है। नागरिकों ने जिला यातायात पुलिस से कार्यवाही करने की मांग की है।

### इनका कहना है

जल्द ही अभियान चलाकर ऐसे लोगों को नोटिस देते हुए कार्यवाही की जाएगी।

**विनोद दुबे, यातायात प्रभारी जिला अनूपपुर**

## सेवानिवृत्त कर्मचारियों के विदाई समारोह का आयोजन

**कोतमा।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोतमा में सेवानिवृत्त कर्मचारियों के सम्मान एवं विदाई समारोह का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम उन स्वास्थ्यकर्मियों के लिए था जिन्होंने स्वास्थ्य विभाग में अपनी सेवाएँ पूरी की हैं। कार्यक्रम मे खंड चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर केएल दीवान उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डाक्टर संगीता प्रजापति द्वारा किया गया। समारोह में दो स्वास्थ्यकर्मियों को सम्मानित किया गया। इनमें नेत्र सहायक एमए कुरैशी एवं नर्सिंग आफीसर श्रीमती चंदा शर्मा शामिल हैं। सेवानिवृत्त कर्मचारियों को माला पहनाकर, अंगवस्त्र और उपहार भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उनके सेवाभाव की सराहना की गई और उनके उत्तम स्वास्थ्य एवं सुखद भविष्य की कामना की गई। अंत मे नर्सिंग आफीसर अनुराधा वर्मा द्वारा भावुक गीत प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में डा अजय मण्डल, अजय सोनी एवं सीएचसी की समस्त एएनएम, स्टाफ नर्स, आईओ, डॉक्टर, बीपीएम बीपीसीएम सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे। वक्ताओं ने सेवानिवृत्त कर्मचारियों को संस्था की रीढ़ बताया और कहा कि उनके अनुभव तथा समर्पण से स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूती मिलती।



---

# संजय सक्सेना की नृशंस हत्या के विरोध में अधिवक्ता संघ के द्वारा सौंपा गया ज्ञापन

**कोतमा। शिवपुरी जिले के करेरा में अधिवक्ता संजय कुमार सक्सेना की दिनदहाड़े गोली मारकर की गई नृशस हत्या के विरोध में 16 फरवरी सोमवार को कोतमा के अधिवक्ता संघ के सभी अधिवक्ताओं के द्वारा विरोध प्रदर्शन करते हुए प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम टीआर नाग को सौंपा गया। एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने की मांग की गई उन्होंने कहा कि, अधिवक्ता वेतन भोगी नहीं हैं।**

अधिवक्ता हमेशा स्वतंत्र रहा है। अभिभाषक संघ कोतमा के आवाहन पर सोमवार को समस्त वकीलों ने न्यायालय के कार्य से विरत रहकर प्रतिवाद दिवस मनाया और सुरक्षा की मांग को लेकर हुंकार भरी, वही न्यायालय में काम बंद होने के कारण लोग परेशान नजर आए, अभिभाषक संघ कोतमा के अध्यक्ष राजेश सोनी ने बताया कि समय-समय पर अधिवक्ताओं के साथ घटनाएं होती हैं लिहाजा उनके लिए एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू किया जाना अति आवश्यक हो चुका है पूर्व में भी इसकी मांग उठी लेकिन सरकार ने वकीलों की मांग को नजरअंदाज किया। अधिवक्ताओं को स्वतंत्र रूप से पैरवी करने से रोका जा रहा है जिससे अधिवक्ताओं में आक्रोश एवं रोष व्यक्त है। अधिवक्ता राम प्रकाश शुक्ला ने कहा कि अधिवक्ता समाज को न्याय दिलाने का कार्य करते हैं, किंतु अपराधियों के विरुद्ध मुकदमे लड़ने के कारण वे अक्सर असामाजिक तत्वों के निशाने पर आ जाते हैं। अधिवक्ता संजय कुमार सक्सेना की यह हत्या न्याय व्यवस्था की सुरक्षा पर गंभीर प्रश्न खड़ा करती है। यदि अधिवक्ता ही सुरक्षित नहीं रहेंगे तो न्याय व्यवस्था की निष्पक्षता प्रभावित होगी। उन्होंने अधिवक्ताओं की सामाजिक एवं जीवन सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट को शीघ्र लागू करने की मांग की, ज्ञापन सौंपने मे सैकड़ों अधिवक्ता शामिल रहे।



# जैतहरी नगर मे आस्था और उल्लास के संग मना महाशिवरात्रि



**जैतहरी।** विद्युत नगरी जैतहरी मे महाशिवरात्रि पर्व बडे ही धूमधाम से मनाया गया है सुबह से ही नगर के सभी शिवालयों मे शिव भक्तों की भीड़ बाबा भोलेनाथ की पूजा अर्चना करने के लिये उमड़ पड़ी, नगर मे सर्वाधिक आकर्षण का केंद्र वार्ड क्र 06 मे स्थित देवी मढिया प्रांगण मे स्थित शिव मंदिर रहा जहाँ कि मढिया के पुजारी आचार्य शैलेंद्र जी के द्वारा देवी मढिया मे पूरी तरह साज सज्जा के साथ ही साथ शिव मंदिर का सजावट बर्फ के सिल्ली से कर बाबा बर्फानी का रुपांतरण कर सजाये जो कि शिव भक्तों के लिये और ही दर्शन का आकर्षण का केंद्र बन गया जहाँ कि हजारों भक्तों ने दर्शन प्राप्त कर धर्म लाभ प्राप्त किया, नगर के शिव भक्तों के द्वारा दोपहर तीन बजे नगर परिषद के प्रांगण मे स्थित राम मन्दिर से भगवान शिव की बरात बडे धूमधाम से निकाली गई जो कि नगर भृमण करते हुए देवी मढिया गई बरात के नगर भृमण के दौरान नगर के नागरिकों ने जगह जगह बारात का स्वागत जलपान से हर्षोल्लास के साथ किये बारात के स्वागत का आकर्षण वहाँ देखने को मिला जहाँ नगर के नागरिक जफर खान एवं उनके सभी साथियों ने बरातियों के लिये जलपान की व्यवस्था करवाई और बड चड कर भोले बाबा की बारात का स्वागत किये बारात मे मुख्य बराती देवी देवता, वानर, भालू के साथ ही साथ नगर के नागरिक अनिल कुमार गुप्ता, महेन्द्र कुमार सोनी, सिद्धार्थ सिंह, कैलाश नामदेव, बृजेश सिंह बाबा, दिनेश निसाद, मुकेश देवानी, दिनेश सोनी, उत्तम गुप्ता, विकाश ताम्रकार, अभिशेक अग्रवाल, विकास, बाबर के साथ ही साथ नगर के सैकड़ों महिलाओं की टोली बरात मे नाचते गाते हुए नगर भृमण करते हुए सभी देवी मढिया तक गईं जहाँ कि बारात का भव्य स्वागत किया गया और वैवाहिक कार्यक्रम पूजा पाठ के बाद वृहत भण्डारा मे हजारों भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किये सम्पूर्ण कार्यक्रम को शांति पूर्ण सम्पन्न कराने मे जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन का सहयोग रहा।

## खबर संक्षेप

### सीईओ जिला पंचायत की अध्यक्षता में समय सीमा की बैठक संपन्न



**उमरिया।** सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह की अध्यक्षता में कलेक्टर सभागार में समय सीमा की साप्ताहिक बैठक संपन्न हुई। बैठक में सीईओ ज़ेडपी ने सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा करते हुए कहा कि सीएम हेल्पलाइन में लंबित शिकायतों का शत प्रतिशत निराकरण करते हुए ए ग्रेड मे आना सुनिश्चित करें। बैठक में उन्होंने मुख्यमंत्री निवास से प्राप्त आवेदनों, आयुक्त शहडोल संभाग कार्यालय से प्राप्त आवेदनो तथा जनसुनवाई,न्यायालयीन प्रकरणों, मानवाधिकार के पत्रों, फैक्ट न्यूज आदि की समीक्षा करते हुए जिला प्रमुख अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी दायित्वों का निर्वहन समय सीमा में अनिवार्य रूप से करें। बैठक में अपर कलेक्टर प्रमोद कुमार सेन गुप्ता,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीताराम सत्या,संयुक्त कलेक्टर रीता डेहरिया, एसडीएम मानपुर हरनीत कौर कलसी, एसडीएम बांधवगढ अंबिकेश प्रताप सिंह, एसडीएम पाली मीनाक्षी इंगले,डिप्टी कलेक्टर कमलेश नीरज सहित अन्य जिला प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहे।

### अवैध उत्खनन-परिवहन एवं भंडारण की रोकथाम में कार्यवाही जारी



**उमरिया।** कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन के निर्देशन में प्रभारी अधिकारी डॉ. विद्याकांत तिवारी, सहायक खनि अधिकारी दिवाकर चतुर्वेदी, खनि निरीक्षक प्रभात कुमार पट्टा एवं प्रभारी खनि निरीक्षक एन.एस. आर्मो की टीम द्वारा वाहन डम्फर एमपी 54जेडबी 6272 को मय खनिज गिट्टी-डस्ट के परिवहन करते जप्त किया गया , जिसे पुलिस थाना चंदिया में शासकीय सुरक्षा में रखवाया गया है । वाहन पर म.प्र. खनिज अवैध (खनन, परिवहन तथा भंडारण का निवारण) नियम 2022 में निहित प्रावधानों के तहत कार्यवाही की जा रही है तथा संयुक्त अमले द्वारा कलेक्टर के निर्देशन में लगातार सघन जॉच की जा रही है।

---

सुबह जलाभिषेक, दोपहर में विशाल भंडारा; देर रात तक चला भक्ति का क्रम

# नरगडा मोहल्ला शिव मंदिर में महाशिवरात्रि पर उमड़ा आस्था का सैलाब

**धनपुरी। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर नरगडा मोहल्ला स्थित शिव मंदिर में श्रद्धा और भक्ति का अनुपम संगम देखने को मिला। प्रातःकाल ब्रह्ममुहूर्त से ही श्रद्धालुओं की लंबी कतारें मंदिर परिसर में लग गईं। भक्तों ने भगवान शिव का विधि-विधान से जलाभिषेक, दुग्धाभिषेक एवं बेलपत्र अर्पित कर परिवार की सुख-समृद्धि और क्षेत्र की खुशहाली की कामना की।**

मंदिर परिसर को आकर्षक विद्युत सज्जा और फूल-मालाओं से सजाया गया था। "हर-हर महादेव" और "बम-बम भोले" के जयघोष से पूरा क्षेत्र गुंजायमान रहा। महिलाओं, युवाओं और बुजुर्गों सहित बच्चों में भी विशेष उत्साह देखा गया। श्रद्धालुओं ने पूरे दिन व्रत रखकर भगवान शिव की आराधना की।





दोपहर में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। भंडारा देर रात तक चलता रहा और व्यवस्थाएं सुचारु रूप से संचालित होती रहीं। स्वयंसेवकों ने अनुशासन बनाए रखते हुए श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण कराया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में कर्ताधर्ता गोपाल प्रजापति की भूमिका सराहनीय रही। उन्होंने आयोजन में सहयोग देने वाले सभी श्रद्धालुओं और सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया। इसी कड़ी में क्षेत्र के श्री राधे कृष्ण मंदिर एवं मां ज्वालामुखी मंदिर में भी सुबह से ही जलाभिषेक, रुद्राभिषेक और पूजा-अर्चना का क्रम निरंतर चलता रहा। दोनों मंदिरों में भक्तों की भीड़ उमड़ी रही और भक्ति गीतों व मंत्रोच्चार से वातावरण भक्तिमय बना रहा। श्रद्धालुओं ने भगवान शिव एवं मां ज्वालामुखी का आशीर्वाद प्राप्त कर सुख-शांति की कामना की। पूरे दिन चले धार्मिक आयोजनों ने नागदा मोहल्ला सहित आसपास के क्षेत्र को शिवमय बना दिया। आस्था, सेवा और समर्पण के भाव से ओत-प्रोत यह आयोजन श्रद्धालुओं के लिए आध्यात्मिक ऊर्जा का केंद्र बना रहा।

---

माइनिंग विभाग अनदेखी

# कोयले, बिजली चोरी से लाल हो रहे ईंट

### नदी, तालाब,पोलखर, एकत्र पानी को मोटरों का उपयोग कर रहे भट्ठा संचालक ,हो रहे मालामाल

**धनपुरी । कोयलांचल क्षेत्र अंतर्गत ईट भट्टे की अवैध कारोबार तेजी से फल-फूल रहा है। बाबूलाल खेल मैदान के पास ,मालीघाट,चीपहाऊस, गाड़ाघाट, सिलपरी, कालरी खदानों आसपास के दर्जनों की संख्या में अवैध ईटभट्टे संचालित हो रहे है।माइनिंग विभाग कार्यप्रणाली हो रहा उजागर।**



#### जिम्मेदारों की मौन स्वीकृति

इसमें चोरी का कोयला खुलेआम इस्तेमाल किया जा रहा है ।अवैध भट्टो को संचालित करने के लिए नदी नालो का पानी को रोका जा रहा है तो ना जाने कितने ईंट भट्टे संचालित है। स्थानीय प्रशासन या तो कुंभकरण नींद में सोया हुआ है या फिर उनकी मौन स्वीकृति से अवैध काम धड़ल्ले से चल रहा है चोरी के कोयले से पक रही ईट। बाबूलाल खेल मैदान, मालीघाट के आसपास क्षेत्र में अवैध ईंट भट्टों की संख्या दिन-ब-दिन बढ़ती जा रही है।

#### हो रह है इजाफा

ईट भट्टो की संख्या में लगातार वृद्धि का सबसे प्रमुख कारण है। ईट को पकाने के लिए आसानी से चोरी के कोयले का मिल जाना एसईसीएल प्रबंधन कोयला चोरी रोकने के लिए चाहे जितने प्रयास कर ले लेकिन कोयले की चोरी रुकने का नाम नहीं ले रही है प्रबंधन ने कोयले की चोरी रोकने के लिए कालरी सुरक्षा गाडो को लगाया हुआ है लेकिन कोयला भट्टो के संचालक इससे सांठगांठ कर आसानी से कोयला प्राप्त कर रहे हैं ।

#### इन स्थलो ईटभट्टे सवसे अधिक

इन स्थानों पर सबसे अधिक ईट भट्टे भट्टों संचालन धनपुरी थाना क्षेत्र अंतर्गत मालीघाट के आसपास परसों से संचालित है। कालरी नंबर 1, चीप हाउस ,में भी काफी संख्या में है भट्टो का संचालन होता है। नदी नालों का पानी का उपयोग ईट संचालक अपने आस पास नदी नाले में बड़े-बड़े पंप मोटर लगाकर पानी का उपयोग ईट बनाने के लिए किए जाते हैं जिस पर किसी तरह की रोक टोक शासन व्दारा नहीं लगाई गई ईट संचालकों की मनमानी देखी जा रही है ।

#### कोयले चोरी धधक रहे भट्टे

ईट पकाने के लिए संचालकों के द्वारा चोरी का कोयले का इस्तेमाल करते हैं या फिर पूर्व में मालीघाट दूरभाष केंद्र के पास के पास जमीन से मिट्टी हटाकर निकालने का प्रयास को लेकर मिट्टी धशक जाने से एक मजदूर की जान चली गई थी कहीं ऐसा तो नहीं फिर से ईट पकाने के लिए कोयला चोरी को लेकर घटना की पुनरावृत्ति तो नहीं हो रही है क्योकि क्षेत्र मे धडल्ले से कोयले चोरी से ईटभट्टे संचालित हो रहे है और मालामाल हो रहे है।

नगर जनता अवैध रूप से ईट संचालकों पर कोयला चोरी अंकुश लगाने की मांग की जा रही है माइनिंग विभाग भट्टा संचालकों स्थलों पर कारवाही की मांग की जा रही है

---

## महाशिवरात्रि पर बरम बाबा मंदिर व शिव मंदिर में भव्य आयोजन, उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**अमलाई।** ओपीएम सोडा फैक्टरी मार्ग पर स्थित बरम बाबा मंदिर प्रांगण में महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर भव्य पूजा-अनुष्ठान एवं भंडारे का आयोजन श्रद्धा और उत्साह के साथ किया गया। प्रातःकाल से ही मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी और भगवान शिव का विधि-विधान से रुद्राभिषेक एवं पूजन किया गया। पूजा-अर्चना के दौरान श्रद्धालुओं ने भगवान शिव को बेलपत्र, धतूरा, पुष्प एवं फल अर्पित कर परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। मंदिर परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया गया था तथा भजन-कीर्तन से पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा। कार्यक्रम के उपरांत विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्र के सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। आयोजन समिति एवं स्थानीय श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर सहयोग किया।

इसी क्रम में ओपीएम बमबम तालाब के पास स्थित शिव मंदिर में भी महाशिवरात्रि के अवसर पर विशेष पूजा-अर्चना की गई। यहां भी सुबह से देर शाम तक श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखने को मिली। भक्तों ने जलाभिषेक कर भगवान शिव से सुख-शांति एवं समृद्धि की प्रार्थना की। मंदिर परिसर "हर-हर महादेव" के जयघोष से गूंजायमान रहा। दोनों मंदिरों में शांतिपूर्ण एवं श्रद्धामय वातावरण में कार्यक्रम संपन्न हुआ। आयोजकों ने बताया कि प्रतिवर्ष महाशिवरात्रि पर इसी प्रकार सामूहिक पूजा एवं भंडारे का आयोजन किया जाता है, जिसमें क्षेत्रवासियों की सक्रिय भागीदारी रहती है।





---

घुनघुटी में सिस्टम को चुनौती!

# बाघों पर नज़र रखने वाले कैमरों पर ही शिकारियों की नजर





**उमरिया। जिले के जंगलों में अब केवल वन्यजीव ही असुरक्षित नहीं हैं, बल्कि सरकारी संपत्ति और करोड़ों की योजनाओं की आंखें भी सलामत नहीं हैं। घुनघुटी वन परिक्षेत्र के मझगवां क्षेत्र से बाघों की गणना के लिए लगाया गया हाई-टेक ट्रैप कैमरा चोरी होने की सनसनीखेज वारदात सामने आई है। यह घटना केवल एक कैमरे की चोरी नहीं, बल्कि वन विभाग के सुरक्षा तंत्र के मुंह पर एक करारा तमाचा है।**

#### बाघों की गिनती पर सेंधमारी

जानकारी के मुताबिक, बाघों की सटीक संख्या और उनकी गतिविधियों को कैद करने के लिए कक्ष क्रमांक आरएफ 235 में करीब 10 हजार रुपये की कीमत का कैमरा लगाया गया था। 1 से 2 फरवरी के बीच पूरे परिक्षेत्र में 135 कैमरे फिट किए गए थे, जिनमें से मझगवां में 20 कैमरे तैनात थे। लेकिन अफसोस! जिस कैमरे को बाघों की धारियां गिननी थीं, उसे शातिर चोरों ने ही अपनी रडार पर ले लिया। कई दिनों की तलाश के बाद जब विभाग को यकीन हो गया कि कैमरा किसी जानवर ने नहीं बल्कि इंसान ने गायब किया है, तब जाकर थाना पाली में प्राथमिकी दर्ज कराई गई।

#### खौफनाक लापरवाही या संगठित गिरोह

घुनघुटी रेंजर अर्जुन सिंह ने चोरी की पुष्टि करते हुए मामला तो दर्ज करा दिया है, लेकिन सवाल यह है कि आखिर प्रतिबंधित वन क्षेत्र के भीतर इतनी हिम्मत किसने दिखाई। क्या यह किसी शरारती तत्व की करतूत है या फिर जंगल के भीतर कोई ऐसा गिरोह सक्रिय है जो वन विभाग के उपकरणों की रेकी कर रहा है। अगर हाई-सिक्योरिटी वाले इन कैमरों को ही चोर उठा ले जा रहे हैं, तो वन्यजीवों की सुरक्षा के दावों में कितना दम है।

#### वैज्ञानिक प्रक्रिया में लगा ग्रहण

बाघों की गणना एक अत्यंत संवेदनशील और वैज्ञानिक प्रक्रिया है, जहां हर एक कैमरे का डेटा मायने रखता है। एक भी कैमरे का गायब होना पूरे डेटा चैन को तोड़ सकता है। ऐसे में यह चोरी केवल वित्तीय नुकसान नहीं है, बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर होने वाली बाघों की गणना के साथ खिलवाड़ है।

#### अब कैमरों की सुरक्षा के लिए भी लगेंगे कैमरे

विडंबना देखिए, जिस विभाग के कंधों पर पूरे जंगल की सुरक्षा का जिम्मा है, वह अब अपने ही कैमरों को बचाने में नाकाम साबित हो रहा है। पुलिस अब अज्ञात आरोपियों की तलाश में खाक छान रही है, लेकिन बड़ा सवाल बरकरार है—अगर चोरों के हौसले इतने बुलंद हैं कि वे पेड़ों पर लगे सरकारी कैमरों को निशाना बना रहे हैं, तो क्या कल को वे बेखौफ होकर बाघों के अस्तित्व पर हमला नहीं करेंगे।

---

# अधिवक्ताओं ने शिवपुरी के अधिवक्ता संजय सक्सेना के हत्या की घटित घटना का तीव्र निंदा करते हुये किया जबरदस्त विरोध प्रदर्शन

**अभिभाषक संघ ने प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के नामें ज्ञापन देकर प्रोटेक्शन एक्ट तत्काल लागू करने की पुरजोर मांग की**





**बुढार।** मध्यप्रदेश के शिवपुरी में अधिवक्ता - संजय कुमार सक्सेना की अपराधियों द्वारा गोली मारकर की गई नृशंस हत्या की तीव्र निंदा करते हुये अधिवक्ताओं ने सोमवार को प्रतिवाद दिवस मनाते हुये सड़कों पर उतरकर जबरदस्त विरोध प्रदर्शित किया और एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू किये जानें की पुरजोर मांग करते हुये प्रधानमंत्री एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री के नामें अभिभाषक संघ बुढार द्वारा तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा गया।

म.प्र. के करेरा जिला शिवपुरी निवासी अधिवक्ता संजय कुमार सक्सेना की हत्या के विरोध में बुढार न्यायालय प्रांगण से अभिभाषण संघ बुढार के अध्यक्ष जयकान्त मिश्रा (एड.) के अगुवाई में अधिवक्ताओं ने अपनी एकजुटता का जबरदस्त उदाहरण प्रस्तुत करते हुये नारेबाजी करते हुये बुढार तहसील पहुंचकर प्रधानमंत्री एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री के नामें ज्ञापन दिया।

अभिभाषक संघ बुढार ने प्रधानमंत्री एवं म.प्र. के मुख्यमंत्री के नामें दिये ज्ञापन में उल्लेखित किया कि - प्रदेश में अधिवक्ताओं के ऊपर आये दिन प्राणघातक हमले हो रहे हैं और हत्या की जा रही है, जिसका उदाहरण संजय कुमार सक्सेना जैसे प्रिय अधिवक्ता का ताजा उदाहरण है, जो अति दुःखद व निंदनीय है, इस तरह की घटित हो रही घटना से अधिवक्ता समाज अपने आप को असुरक्षित महसूस कर रहा है और विधि व्यवसाय करना कठिन हो गया है।अधिवक्ता व्यवसाय में कुछ अधिवक्ता प्रकरण के पक्ष में होते हैं वहीं कुछ विपक्ष में होते हैं, जिस कारण से प्रकरण का निराकरण जब होता है, वह दोनों पक्ष के हित का नहीं होता है और एक पक्ष दूसरे पक्ष के अधिवक्ता को अपना दुश्मन मानने लगता है। ज्ञापन में यह भी उल्लेखित रहा कि - भूमि संबंधी विवादों में भू माफिया व दबंग किस्म के लोग अधिवक्ताओं को निरंतर धमकाते हैं जिससे विधि व्यवसाय स्वतंत्र पूर्वक करना कठिन होता जा रहा है, जिससे अधिवक्ता व्यवसाय न्याय हित में कर पाना संभव नजर नहीं आता इस कारण एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट की नितान्त आवश्यकता है जिसे अधिवक्ता हित में तत्काल लागू कराया जाये जो न्याय संगत मांग है।बुढ़ार में अधिवक्ताओं ने न्याय संगत मांग को लेकर तथा अधिवक्ता संजय कुमार सक्सेना की हत्या की तीव्र निन्दा करते हुये मांग पत्र तहसीलदार को सौंपते समय लगभग दो सौ पचास अधिवक्ताओं की उपस्थिति रही जिन्होंने अपनी एकजुटता का परिचय देते हुये घटना को लेकर जबरदस्त विरोध प्रदर्शित किये।

---

# सीईओ की अध्यक्षता में जिला स्तरीय पोषण समिति की बैठक संपन्न



**उमरिया।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अभय सिंह की अध्यक्षता में कलेक्टर सभागार में जिला स्तरीय पोषण समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में आभा आईडी, सक्षम आंगनबाडी, ऐसे सक्षम आंगनबाडी केंद्र जहां पर बिजली की उपलब्धता के बावजूद बिजली चालू नही है, सक्षम आंगनबाडी केंद्रो में जल जीवन मिशन लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय व्दारा टंकी एवं नल कनेक्शन की स्थिति, आंगनबाडी केंद्रों में बिजली व्यवस्था, पीएचई विभाग व्दारा आंगनवाड़ी केंद्रो पर नल जल व्यवस्था, नवीन चिन्हित गंभीर कुपोशित बच्चो की स्थिति, संपर्क ऐप में पंजीकृत हितग्राही का समग्र सत्यापन, फेस रिकग्निशन सिस्टम की प्रगति, टीएचआर वितरण की समीक्षा की। सीईओ जिला पंचायत ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग को आंगनबाडी केंद्रो में पानी की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। संपर्क ऐप में पंजीकृत हितग्राही का समग्र सत्यापन की समीक्षा के दौरान अपेक्षाकृत प्रगति कम पाई गई। जिस पर उन्होने नाराजगी प्रकट करते हुए सीडीपीओ से कहा कि सेक्टर स्तर पर बैठक आयोजित करते हुए कार्य पर प्रगति लाए। उन्होने कहा कि जिले में आने वाले टीएचआर की सूचना संबंधित क्षेत्र के एसडीएम अथवा तहसीलदार को देना सुनिश्चित करें । सुपरवाईजरों से कहा कि आंगनबाडी केंद्रो में आने वाले बच्चों को सुबह का नाश्ता एवं दोपहर का भोजन मीनू के अनुसार वितरित किया जाए। बैठक में अपर कलेक्टर प्रमोद कुमार सेन गुप्ता ,एसडीएम बांधवगढ अंबिकेश प्रताप सिंह, एसडीएम मानपुर हरनीत कौर कलसी, एसडीएम पाली मीनाक्षी इंगले, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग दिव्या गुप्ता, परियोजना अधिकारी उमरिया, पाली, मानपुर सहित सुपरवाईजर उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### खनिज रेत का अवैध उत्खनन व परिवहन करते वाहन हुए जब्त



**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** 15 फरवरी जिले में खनिजों के अवैध उत्खनन एवं परिवहन पर प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित किए जाने हेतु कलेक्टर हर्षल पंचोली द्वारा दिए गए निर्देशों के पालन में खनिज विभाग द्वारा सघन कार्यवाही की जा रही है। इसी अनुक्रम में प्रभारी खनिज अधिकारी श्रीमती ईशा वर्मा द्वारा शनिवार को ग्राम धुम्मा अमलाई घाट स्थित गोहरारी नदी से खनिज रेत का अवैध उत्खनन कर परिवहन करते हुए 02 वाहन ट्रैक्टर मय ट्राली जब्त किया गया। उक्त प्रकरण में मध्यप्रदेश खनिज (अवैध खनन, परिवहन तथा भंडारण का निवारण) नियम, 2022 के नियम 19 (1), (2) एवं (3) के अंतर्गत विधिसम्मत कार्यवाही की गई।

### तलाक की बात को लेकर पति ने पत्नी से की मारपीट

**गाडरवारा।** नगर के बीजासेन वार्ड निवासी एक महिला द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि मेरे पति से आये दिन झगडा विवाद होने के कारण मैने अपने पति से तलाक लेने के लिय 6 माह पहले न्यायालय में केस लगाया है जो न्यायालय में चल रहा है। लेकिन मेरे पति माधवन तलाक का केस वापस करने के लिये आये दिन धमकी देते हुये मारपीट करने से नही चूकता है। इसी प्रकार से बीते हुये दिवस मेरा पति माधवन सोनी कमरे में आकर कमरे का सामान फैकने लगा और गंदी गंदी गालिया देते हुये बाल पकड़कर प्रार्थिया के सिर को दीवार में मारते हुये चोटे पहुंचाई। घटना को लेकर पुलिस ने पीडिता की शिकायत पर आरोपी पति के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया लिया गया है।

### कार की टक्कर से बाइक चालक घायल

**गाडरवारा।** नगर के पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस समीपस्थ सालीचौका पुलिस चौकी के अंतर्गत ग्राम जाईखेड़ा निवासी अरूण पिता कालूराम ठाकुर उम्र 18 साल द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि वह जब अपनी मोटर साईकिल से कही जा रहा था उसी दौरान ग्राम बेलखेड़ी के पास एक कार क्रमांक MP49C/8725 के चालक द्वारा अपनी कार को तेज गति व लापरवाही पूर्वक चलाते हुये टक्कर मार दी गई जिसके चलते प्रार्थी बाइक चालक को चोटे आने के चलते पुसिल ने आरोपी कार चालक के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

### उधारी के पैसा मांगने पर कर दी पिटाई

**गाडरवारा।** समीपस्थ ग्राम आमगांव छोटा निवासी एक युवक द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि मैने अपने गांव के राजेश वर्मा को एक दिन के लिये 12 सौ रूपया उधार दिये गये थें। जब वह बाजार में मिला तो वह प्रार्थी द्वारा वह उधारी के पैसा राजेश से मांगे जाने पर वह गंदी गंदी गालिया देने लगा। जब प्रार्थी द्वारा गाली देने से मना किया तो आरोपी द्वारा लाठी से मारपीट करते हुये चोटे पहुंचाई ।

## मिट्टी की दलाली का स्थानीय सफेदपोश नेता का पुराना इतिहास

# चोरी की मिट्टी से रखी जा रही, रेलवे प्लेटफार्म की बुनियाद

### शासन को हो रहा लाखो की रायल्टी का नुकसान



**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।**

अनूपपुर बिलासपुर जोन अंतर्गत कटनी बिलासपुर के मध्य रेल यात्रियों को बेहतर सुविधा पहुंचाने के उद्देश्य से कई रेलवे स्टेशन प्लेटफार्म के जीर्णोद्धार का कार्य किया जा रहा है, इसी क्रम में अमलाई रेलवे स्टेशन मे भी प्लेटफार्म नंबर दो एवं तीन की ऊंचाई को बढ़ाना, साज-सज्जा, लाइटिंग, नवीन भवन, शुद्ध पेयजल इत्यादि शामिल है, किंतु भारतीय रेल की ईमानदार छवि को धूमिल करते हुए जीणोद्धार का कार्य कर रहे ठेकेदार द्वारा प्लेटफार्म की नीव ही चोरी की मिट्टी से भरी जा रही है, जो न सिर्फ रेल प्रशासन की साख पर बट्टा लगाने के लिए ना काफी है, बल्कि खनिज विभाग को मिलने वाले राजस्व पर भी सरेआम डाका मारने जैसा है। मिट्टी चोरी के इस खेल में एक बार फिर सेएक तथा कथित स्थानीय सफेद पोश नेता की दलाली मे सक्रियता देखने को मिल रही है।

### डिस्प्ले से अलग है पिक्चर

चोरी की मिट्टी खपा कर दलाली खा रहे तथाकथित स्थानीय सफेद पोश नेता ने शहडोल एवं अनूपपुर जिले में पूरा का पूरा नेटवर्क स्थापित किया हुआ है। पूर्व में भी अमलाई स्टेशन के गुड्स मरम्मत कार्य मे लगने वाली मिट्टी को खपाने का कार्य बड़ी मात्रा में नेता द्वारा किया गया था, लेकिन इस बार सिंडिकेट के एक नए चेहरे को काम की जिम्मदारी सौंपी गई है। सूत्रों की माने तो कटकोना के बारगाही एंड कंपनी द्वारा लगभग 1200 हाईवा ट्रक अवैध मिट्टी अमलाई स्टेशन में खपाने का काम अवैध तरीके से कर रहा है।

### दो विभागों को चूना लगा रहा है मास्टरमाइंड

मिट्टी की दलाली के इस पूरे खेल का तथाकथित मास्टरमाइंड फॉरेस्ट तथा खनिज दोनों विभागों को चूना लगाकर दोहरा लाभ उठा रहा है, एक ओर जंगल विभाग की लीज पर संचालित अमलाई ओपन कास्ट से बिना किसी परमिशन के लगभग 1200 गाडी मिट्टी ढोने का अनुमान बताया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर अवैध मिट्टी उत्खनन एवं परिवहन से खनिज विभाग को मिलने वाली लाखों रुपए की रॉयल्टी लगभग 400 प्रत्येक गाड़ी के हिसाब से 1200 गाड़ियों की लाखों रुपए राजस्व के चूना दलाल द्वारा लगाया जा रहा है। सूत्र बताते हैं कि अमलाई ओपन कास्ट में ओवर बर्डन हटाने का कार्य कर रही आर केटीसी कंपनी में नेता की नियुक्ति लोकल लाइजनिंग अर्थात लेनदेन कर मामला सेटलमेंट करने के लिए की गई है।

### 200 की दलाई में मस्त हुए नेता

रेलवे ठेकेदार को 1200 गाड़ी मिट्टी देने के एवज में प्रत्येक गाड़ी 900 के हिसाब से दलाल ने सौदा किया गया था, लेकिन फिर इस काम को कटकोना निवासी बारगाही को 700 प्रत्येक गाड़ी में पलटी कर 200 के लाभ में नेता मस्त है।

### दुर्घटना को आमंत्रण दे रहा ठेकेदार

रेलवे प्लेटफॉर्म में मिट्टी फीलिंग के कार्य पर घोर लापरवाही देखने को मिल रही है, जिसमें ठेकेदार द्वारा मैनुअल तरीके से कार्य ना करते हुए मशीनरी का उपयोग किया जा रहा है, अति संवेदनशील एवं प्रवेश निषेध की जगह पर ट्रैक्टर वाहन एवं जेसीबी मशीन का विद्युत लाइन के नीचे उपयोग मिट्टी फीलिंग के लिए किया जाना निश्चित तौर पर किसी बड़ी दुर्घटना को आमंत्रित करना है। 24 घंटे निरंतर दौड़ती व्यस्ततम रेल पटरी पर बिना परमिशन गाड़ियों की आवाजाही ठेकेदार की मनमानी दर्शाती है।



## बाल विवाह निषेध एवं रोकथाम के संबंध में जागरूकता एवं ट्रेनिंग कार्यक्रम आयोजित

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।**

म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अनूपपुर श्रीमती माया विश्वलाल के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अनूपपुर द्वारा 16 फरवरी को जिला अनूपपुर के कलेक्ट्रेट कार्यालय में ऑगनवाडी कार्यकर्ता के मध्य बाल विवाह निषेध एवं रोकथाम के संबंध में जागरूकता एवं ट्रेनिंग कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं महिला एवं बाल विकास अनूपपुर के समन्वय में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में ऑगनवाडी के कार्यकर्तागण ने भाग लिया। कार्यक्रम में उपस्थित जिला विधिक सहायता अधिकारी बृजेश पटैल ने बताया कि बाल विवाह एक दंडनीय अपराध है। उन्होंने बताया कि बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम के तहत बालिका की विवाह योग्य आयु 18 वर्ष तथा बालक की 21 वर्ष निर्धारित की गई है। उपस्थित ऑगनवाडी कार्यकर्ताओं को संभावित बाल विवाह के स्थान को चिन्हित करने हेतु निर्देशित किया गया तथा वहा पर जागरूकता शिविर लगाये जाने हेतु निर्देशित किया। इस अवसर पर शपथ दिलाई गई कि कोई भी व्यक्ति बाल विवाह नहीं करेगा और न ही होने देगा। अंत में उपस्थित लोगों को हेल्पलाइन नंबर 15100 की जानकारी दी गई और बाल विवाह की सूचना तुरंत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं प्रशासन को देने का आग्रह किया गया। उक्त कार्यक्रम में कार्यालय कलेक्ट्रेट के अधिकारी एवं कर्मचारीगण व तथा तहसील राजेन्द्रग्राम के विभिन्न ग्रामों की ऑगनवाडी कार्यकर्ता उपस्थित रहीं।

## कन्या विवाह समारोह जरूरतमंद परिवारों के लिए संबल और सहयोग का प्रतीक-कलेक्टर श्री पंचोली

# वैदिक मंत्रों के साथ परिणय सूत्र में बंधे 200 जोड़े

### जनपद जैतहरी में आयोजित हुआ मुख्यमंत्री कन्या विवाह समारोह





**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।**

जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती प्रीति सिंह ने कहा है कि मध्यप्रदेश शासन द्वारा निःशक्त, निर्धन और कमजोर परिवारों की सहायता के लिए अनेक योजनाएं संचालित की जा रही हैं। इन्ही योजनाओं में से एक है मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना। जो आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिए वरदान साबित हो रही है। उन्होंने कहा कि यह योजना उन गरीब परिवारों के लिए विशेष सहारा है, जो आर्थिक तंगी के कारण अपनी बेटियों का विवाह धूमधाम से करने में असमर्थ हैं। ऐसे परिवारों की चिन्ता राज्य सरकार द्वारा की जा रही है। जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती प्रीति सिंह आज जनपद पंचायत जैतहरी में आयोजित मुख्यमंत्री कन्या विवाह समारोह को संबोधित कर रही थीं। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती प्रीति सिंह ने नव दम्पत्तियों के खुशहाल, सुदीर्घ जीवन एवं उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि नव वर-वधु एक दूसरे का सम्मान करें, छोटी-छोटी बातों में दूरियां न बनाएं। गृहस्थ जीवन के संचालन हेतु आपसी सामंजस्य और समझदारी के साथ कार्य करें। इस अवसर पर कलेक्टर हर्षल पंचोली ने कहा कि विवाह हमारी संस्कृति की सबसे महत्वपूर्ण कड़ी है। यह हमारे समाज और परिवार का आधार है। सामूहिक विवाह सम्मेलन गरीब और जरूरतमंद परिवारों के लिए संबल और सहयोग का प्रतीक है। उन्होंने बताया कि शासन द्वारा अनेक योजनाएं संचालित की जा रही है, जिसे जिला प्रशासन द्वारा प्राथमिकता के आधार पर लोगों तक पहुंचाया जा रहा है। इस दौरान उन्होंने परिणय सूत्र में बंध रहे जोड़ों को उनके दांपत्य जीवन की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती पार्वती राठौर ने कहा कि मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना की जितनी सराहना की जाए उतनी कम है। ऐसे आयोजन में सभी की भावनाएं जुड़ी है। कन्यादान एक बहुत बड़ा दान होता है। वर-वधु एवं परिवार वालों को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती पार्वती राठौर ने कहा कि मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना को कई प्रदेशों ने अपनाया है।

### वैदिक मंत्रोच्चार के बीच 200 जोड़ों का सामूहिक विवाह संपन्न

वैदिक मंत्रों और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ 200 जोड़ों का सामूहिक विवाह समारोह गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। वैदिक आचार्यों द्वारा मंत्रोच्चार एवं विधिवत पूजन के साथ सभी जोड़ों ने सात फेरे लेकर वैवाहिक जीवन की शुरुआत की। समारोह स्थल को आकर्षक रूप से सजाया गया था, जहां बड़ी संख्या में परिजन एवं आमजन उपस्थित रहे। आयोजन के अंतर्गत भव्य बारात निकाली गई, जिसमें बैंड-बाजे और पारंपरिक वेशभूषा ने उत्सव का माहौल बना दिया। बारातियों का पुष्पवर्षा एवं आतिथ्य सत्कार के साथ स्वागत किया गया। कार्यक्रम शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हुआ।

### हितग्राहियों को 49 हजार की प्रतीकात्मक चेक वितरित

समारोह के दौरान मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के अंतर्गत प्रतीकात्मक रूप से रिशता कोल, रजनी कोल, भानवती पाव एवं यशोदा कोल सहित अन्य हितग्राहियों को 49 हजार रुपये की सहायता राशि के प्रतीकात्मक चेक जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों द्वारा प्रदान किए गए। इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों ने योजना को जरूरतमंद परिवारों के लिए महत्वपूर्ण पहल बताया। हितग्राहियों ने शासन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए इसे सामाजिक सहयोग की सशक्त पहल बताया।

कार्यक्रम में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्रीमती अर्चना कुमारी, जनपद पंचायत जैतहरी के अध्यक्ष राजीव सिंह, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व जैतहरी सतीश वर्मा, जिला पंचायत सदस्य रंजीत सर्राटी, अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत के. के. सोनी, जनपद पंचायत जैतहरी के मुख्य कार्यपालन अधिकारी के. के. रैकवार, मुख्य नगरपालिका अधिकारी जैतहरी भूपेन्द्र सिंह, जनपद पंचायत जैतहरी के उपाध्यक्ष मनोज राठौर, नगर परिषद जैतहरी के उपाध्यक्ष रवि राठौर, जनपद पंचायत जैतहरी के सदस्य सहित स्थानीय जनप्रतिनिधिगण, पत्रकारगण तथा संबंधित विभागों के विभागीय अधिकारी एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित थे।

## साउथ ईस्ट सेंट्रल रेलवे मजदूर कांग्रेस ने उठाई रेलकर्मियों की समस्याएं

# कॉलोनियों के संयुक्त सर्वे व त्वरित कार्रवाई की मांग




**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।**

साउथ ईस्ट सेंट्रल रेलवे मजदूर कांग्रेस शाखा अनूपपुर द्वारा नव पदस्थ सहायक मंडल अभियंता शहडोल ब्रजेशनाथ पांडेय के शाखा कार्यालय आगमन पर आत्मीय स्वागत किया गया। इस अवसर पर कर्मचारियों की लंबित समस्याओं को लेकर विस्तृत चर्चा करते हुए उनके शीघ्र निराकरण की मांग की गई। बैठक में साउथ ईस्ट सेंट्रल रेलवे मजदूर कांग्रेस बिलासपुर के जोनल कार्यकारी अध्यक्ष लक्ष्मण राव विशेष रूप से उपस्थित रहे। अनूपपुर शाखा सचिव जयंतो दास गुप्ता ने मजदूर कांग्रेस अनूपपुर ब्रांच काउंसिल मेंबर व्ही.आर. मूर्ति, अज़हर नियाज़, मुकेश यदुवंशी सहित अन्य पदाधिकारियों के साथ सहायक मंडल अभियंता को कर्मचारियों की समस्याओं से अवगत कराया। कार्यक्रम में वार्ड क्रमांक 2 के भाजपा पार्षद संजय चौधरी तथा कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राजेश पाण्डेय भी उपस्थित रहे। शाखा सचिव जयंतो दास गुप्ता ने सहायक मंडल अभियंता से बुढ़ार, अमलाई एवं अनूपपुर रेलवे कॉलोनियों में नाली, सड़क, चैन लिंकिंग बाउंड्री वॉल तथा आवासों की मरम्मत जैसे कार्यों के लिए संयुक्त सर्वे कराए जाने की मांग की। उन्होंने लिखित ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि इन मूलभूत सुविधाओं के अभाव में रेल कर्मचारियों और उनके परिवारों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, अतः तत्काल कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। इस दौरान अनूपपुर नगर पालिका के वार्ड पार्षद संजय चौधरी ने भी क्षेत्रीय समस्या उठाते हुए गौरव यादव के आवास से लेकर कन्हैया लाल मिश्रा, सुशील मिश्रा एवं भाईलाल टाल की जमीन के सामने तक लगभग 20 फीट चौड़ी आवागमन सड़क तथा बिजली पोल लगाने हेतु आवश्यक स्थान सुरक्षित रखने की मांग की। उन्होंने कहा कि भविष्य में क्षेत्रीय विकास और सुगम यातायात के लिए यह आवश्यक कदम है। सहायक मंडल अभियंता ब्रजेशनाथ पांडेय ने समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए आवश्यक जांच एवं नियमानुसार कार्रवाई का आश्वासन दिया। बैठक सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई।



# अनुपपुर में एंबेड परियोजना के अंतर्गत कम्युनिटी लीड वॉलंटियर मॉडल की हुई शुरुआत

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।**

कलेक्टर हर्षल पंचोली एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अलका तिवारी के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में एंबेड परियोजना के अंतर्गत कम्युनिटी लीड वॉलंटियर मॉडल प्रोजेक्ट की शुरुआत की गई है। यह परियोजना फैमिली हेल्थ इंडिया संस्था द्वारा संचालित की जा रही है, जिसमें गॉदरेज कंज़्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड द्वारा सहयोग प्रदान किया जा रहा है। इस अवसर पर जिला मलेरिया कार्यालय अनुपपुर एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के साथ बैठक मे परियोजना की रूपरेखा एवं आगामी कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा की गई।

राज्य स्तर से प्राप्त निर्देशानुसार एंबेड परियोजना का संचालन जिले के सभी ब्लॉकों के मलेरिया एवं डेंगू प्रभावित ग्रामों में किया जाएगा, ताकि मच्छर जनित बीमारियों के नियंत्रण में सहयोग प्राप्त हो सके। बैठक में एंबेड परियोजना के संभागीय कॉर्डिनेटर रामकृष्ण जाट, मलेरिया अधिकारी डॉ सुरेंद्र सिंह, मलेरिया प्रभारी भगवानू सिंह, लैब तकनीशियन मनीष कुमार पटेल के साथ मिलकर जिले के सभी ब्लॉक के गाँव चिन्हित किए गए। बैठक में परियोजना से संबंधित गतिविधियों जैसे लार्वा सर्वेक्षण, समुदाय जागरूकता, स्त्रोत नाशक कार्य एवं कम्युनिटी वॉलंटियर चयन प्रक्रिया पर विस्तार से चर्चा की गई। इस पहल के अंतर्गत वर्ष 2023 से 2025 में उन सभी ग्रामों में कम्युनिटी वॉलंटियर्स का चयन किया जाएगा, जहाँ मलेरिया के मामले दर्ज किए गए हैं। चयनित वॉलंटियर्स अपने समुदाय में मलेरिया नियंत्रण, जागरूकता और स्वच्छता अभियान से जुड़ी गतिविधियाँ संचालित करेंगे। इस मॉडल का मुख्य उद्देश्य समुदाय की सक्रिय भागीदारी के माध्यम से मलेरिया जैसी मच्छर जनित बीमारियों के उन्मूलन की दिशा में ठोस कदम उठाना तथा स्वास्थ्य विभाग के प्रयासों को और अधिक सशक्त बनाना है।

# निरीक्षण के दौरान पाई गई कमियों पर फटकार के बाद सफाई एवं निर्माण कार्य हो गया तेज

**हरिभूमि न्यूज कोतमा।**

रेलवे के मंडल रेल प्रबंधक (डीआरएम) राकेश रंजन के द्वारा निरीक्षण के दौरान पाई गई कमियों पर फटकार लगाने के बाद सफाई एवं निर्माण कार्य तेज हो गया है। रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की सुविधा को लेकर खुली नाली को ढकने एवं कॉलोनी में कचरा का ढेर, बंद पेयजल एवं प्लेटफार्म में टूटी कुर्सियों को देखकर भारी नाराजगी व्यक्त की गई थी। मौके पर ही संबंधित जिम्मेदारों को फटकार लगाते हुए जल्द सुधार के निर्देश दिए गए थे। भारी खामियों पर मिली फटकार के बात रेलवे प्रबंधन के द्वारा व्यस्था में सुधार लाने के प्रयास शुरू कर दिया गया है। स्टेशन के अंदर खुली नालियों की सफाई कराते हुए स्लैब से ढकने का कार्य शुरू कर दिया है। कॉलोनी परिसर में लबे समय से डंप कर रहे कचड़े पर रोक लगाते हुए सफाई कराई गई। परिसर को जाली लगाकर सुरक्षित किया जा रहा है। भविष्य में बच्चों के लिए पार्क बनाने की योजना बनाई जा रही है। विदित रहे कि डीआरएम द्वारा यात्रियों की सुरक्षा, सफाई, स्वच्छ पानी और बैठक जैसी सुविधाओं में कोई समझौता नहीं किए जाने हेतु निर्देश दिए गए थे। तेजी से हो रहे कार्य को लेकर यात्रियों में हर्ष है वही कॉलोनी में रह रहे लोगों को गंदगी एवं दुर्गंध से निजात मिलेगी।



!! राधे-राधे !! !! श्री गणेशाय नमः !! !! राधे-राधे !!
श्री गुजरात ग्रेनाईट एंड टाइल्स
ग्रेनाईट एवं टाईल्स के थोक एवं फुटकर विक्रेता
हमारे यहां सभी प्रकार के टाईल्स, ग्रेनाईट- सांडय Z ब्लैक, सुपर ब्लैक, आर ब्लैक इत्यादि एवं सेनेट्री, कड़प्पा उचित दामों पर उपलब्ध है।
कोटा स्टोन कम दामों में उपलब्ध है
प्रो. देवेन्द्र सिंह जी 7742294629, 7440984719, 7737330239